TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

M o n d a y

## 24 जून

1. **मेवाड़ की संधि–** 24 जून, 1681 ई. को मेवाड के शासक राणा जयसिंह एवं मुगल शासक औरंगजेब के मध्य एक संधि सम्पन्न हुई। संधि की शर्तों के अनुसार, पूरा मेवाड़ जयसिंह को वापस कर दिया। जयसिंह ने राजपूतों पर 'जजिया कर' हटाने के बदले में औरंगजेब को 'आदलपुर' एवं 'बेदनौर' का क्षेत्र दे दिया। जयसिंह को मुगल दरबार में 5000 का मनसबदार बनाया गया। सारे मुगल सैनिक मेवाड़ वापस आ गये। कालान्तर में औरंगजेब ने दक्षिण अभियान में जयसिंह के सहयोग के कारण उसे 'बेदनौर' और 'आदलपुर' का क्षेत्र वापस कर दिया।
   - संदर्भः 'अतीत से वर्तमान, भाग–2' के अध्याय 4
2. **कुतुबुद्दीन ऐबक का राज्यारोहन–** 15 मार्च, 1206 ई. को मुहम्मद गोरी की मृत्यु हुई। चूंकि उसका कोई पुत्र नहीं था, इसलिए लाहौर की जनता ने मुहम्मद गोरी के प्रतिनिधि कुतुबुद्दीन ऐबक को शासन करने का निमंत्रण दिया। 24 जून, 1206 ई. को उसका औपचारिक रूप से सिंहासनारोहन हुआ। कुतुबुद्दीन ऐबक ने कुव्वत–उल–इस्लाम, ढाई दिन का झोपड़ा का निर्माण करवाया था। कुतुबमीनार का निर्माण 'शेख ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी' की स्मृति में शुरू करवाया था। उसकी दानशीलता व उदारता के कारण 'लाखबख्श' कहा गया है।
   - संदर्भः 'अतीत से वर्तमान, भाग–2' के अध्याय 3
3. **रानी दुर्गावती बलिदान दिवस–** भारत की वीरांगना रानी दुर्गावती मुगलों के साथ युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुई। रानी दुर्गावती गोंड राजा (गोंडवाना, वर्तमान जबलपुर का क्षेत्र) दलपतशाह की असमय मृत्यु के बाद अपने पुत्र वीरनारायण को सिंहासन पर बैठाकर संरक्षक के रूप में स्वयं शासन करती थी। अकबर ने आसफ खां के नेतृत्व में गोंडवाना साम्राज्य पर 24 जून, 1564 ई. को दुसरी बार हमला कर दिया। रानी दुर्गावती ने स्वयं पुरूष का वेश धारण युद्ध का नेतृत्व किया। युद्ध में एक तीर उनकी भुजा पर लग गई। रानी ने उसे निकाल फेंका। दूसरी तीर ने उनकी आँखों को वेध दिया। रानी ने इसे भी निकाला लेकिन नोंक आँख में ही रह गयी। तभी तीसरा तीर उनकी गर्दन में आकर धँस गया। रानी ने अपने वजीर से आग्रह किया की अपनी तलवार से उनकी गर्दन काट दे लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। अतः रानी दुर्गावती ने अपनी कटार से स्वयं ही अपने सीने में भोंक कर बलिदान हो गई।
   - संदर्भः वर्ग 7 के इतिहास की पुस्तक **अतीत से वर्तमान, भाग 2 के अध्याय 4** से जोड़कर चर्चा करें।

मधु प्रिया


# रानी दुर्गावती बलिदान दिवस 24 जून



रानी दुर्गावती भारत की एक प्रसिद्ध वीरांगना थीं, जिसने मध्य प्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र में शासन किया।उनका जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा पृथ्वी सिंह चंदेल के यहाँ हुआ उनका राज्य गढ़मंडला था,जिसका केंद्र जबलपुर था। उन्होने अपने विवाह के चार वर्ष बाद अपने पति गौड़ राजा दलपत शाह की असमय मृत्यु के बाद अपने पुत्र वीरनारायण को सिंहासन पर बैठाकर उसके संरक्षक के रूप में स्वयं शासन करना प्रारंभ किया। इनके शासन में राज्य की बहुत उन्नति हुई। दुर्गावती को तीर तथा बंदूक चलाने का अच्छा अभ्यास था। चीते के शिकार में इनकी विशेष रुचि थी। उनके राज्य का नाम गोंडवाना था जिसका केन्द्र जबलपुर था। वे इलाहाबाद के मुगल शासक आसफ़ खान से लोहा लेने के लिये प्रसिद्ध हैं। इतिहास में महिला वीरांगनाओं की कम संख्या नहीं हैं।लेकिन उनमें से केवल रानी दुर्गावती ऐसी हैं जिन्हें उनके बलिदान और वीरता के साथ गोंडवाना का एक कुशल शासक के तौर पर भी याद किया जाता है। 24 जून को देश उनका बलिदान दिवस मनाता है जब उन्हें मुगलों की आगे हार स्वीकार नहीं की और आखिरी दम तक मुगल सेना का सामना कर उसकी हसरतों को कभी पूरा नहीं होने दिया।

# जयंती विशेष 24 जून

राकेश कुमार




**ओंकारनाथ ठाकुर** (1897–1967) भारत के शिक्षाशास्त्री, संगीतज्ञ एवं हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार थे। उनका सम्बन्ध ग्वालियर घराने से था।

उन्होने वाराणसी में महामना पं॰ मदनमोहन मालवीय के आग्रह पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में संगीत के आचार्य पद की गरिमा में वृद्धि की। वे तत्कालीन संगीत परिदृष्य के सबसे आकर्षक व्यक्तित्व थे। पचास और साठ के दशक में पण्डितजी की महफ़िलों का जलवा पूरे देश के मंचों पर छाया रहा।

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 24.06.2024

## व्यवहार प्रबंधन

व्यवहार प्रबंधन छात्रों को उन कृत्यों, दृष्टिकोणों और विश्वासों को समझने में मदद करने के लिए एक कार्य योजना है जो कक्षा के भीतर उपयुक्त हैं और उपयुक्त नहीं हैं। व्यवहार प्रबंधन में अधिक अनुकूल सीखने के माहौल के लिए छात्र के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए आवश्यक कदम उठाना शामिल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**भारत ने 100 घंटे में 100 किलोमीटर सड़क बनाकर विश्व रिकॉर्ड (World record) दर्ज किया है।**

# Today's Quiz

QUIZ TIME

## Quiz Number 425

**संयुक्त राज्य अमेरिका का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य कौन है ?**

A. टेक्सास

B. अलास्का

C. कैलिफोर्निया

D. रोड आइलैंड



सही उत्तर: C

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## T-20 क्रिकेट



## टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे महंगा ओवर

| साल | टीम | खिलाड़ी | खिलाफ | रन(एक ओवर में) |
|---|---|---|---|---|
| 2007 | इंग्लैंड | स्टुअर्ट ब्रॉड | इंडिया | 36 |
| 2024 | अफगानिस्तान | अजमतुल्लाह ओमरजई | वेस्टइंडीज | 36 |
| 2024 | कनाडा | जेरेमी गॉर्डन | अमेरिका | 33 |
| 2012 | अफगानिस्तान | इजतुल्लह दौलतजई | इंग्लैंड | 32 |
| 2014 | पाकिस्तान | बिलावल भट्टी | ऑस्ट्रेलिया | 30 |
| 2024 | वेस्टइंडीज | रोमारियो शेफर्ड | इंग्लैंड | 30 |

भारत गणराज्य

REPUBLIC OF INDIA

सत्यमेव जयते

पासपोर्ट

PASSPORT

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS

पासपोर्ट या पारपत्र किसी राष्ट्रीय सरकार द्वारा जारी वह दस्तावेज होता है,जो अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए उसके धारक की पहचान और राष्ट्रीयता को प्रमाणित करता है।

# पासपोर्ट सेवा दिवस

## 24 जून

की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

कलंकित जीवन जीने की अपेक्षा शान से मर जाना अच्छा है।' राज्य व धर्म की रक्षा के लिए रणभूमि को चुनकर अपने अदम्य साहस व शौर्य का परिचय देने वाली अमर वीरांगना

# रानी दुर्गावती

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।


जन्म- 5 अक्टूबर 1524 - निधन- 24 जून 1564



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



सर्वोच्च नागरिक अलंकरण भारत रत्न से सम्मानित भारत के राजनेता एवं देश के तीसरे उपराष्ट्रपति तथा भारत के प्रथम कार्यवाहक राष्ट्रपति

## वराहगिरी वेंकट गिरी

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म-10 अगस्त 1894 - मृत्यु- 24 जून 1980

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# 24 जून 2024

Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

श्रम एकमात्र प्रार्थना है जिसका

उत्तर प्रकृति देती है।

**रॉबर्ट ग्रीन इंगरसोल**



राकेश कुमार